CMYK

रायगढ़, शुक्रवार
17.8.2018
पृष्ठ 8, मूल्य 3

साप्ताहिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी - अधिकार से न्याय तक जल्द दैनिक हो रहा है। जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

Web: www.nyaysakshi.com

4 में पढ़ें- प्रादेशिक ....
6 में पढ़ें- फिल्मी मनोरंजन ....
» वर्ष-2 » अंक - 37 »

**महत्वपूर्ण एवं खास**

### पीएम मोदी बोले, अटलजी का निधन पिता तुल्य संरक्षक का जाना

नई दिल्ली। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के निधन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युग का अंत बताया है। उन्होंने एक वीडियो संदेश में कहा कि वाजपेयी के निधन से युग का अंत हो गया है। उनकी कमी कभी नहीं भरी जाएगी। पीएम मोदी ने आगे कहा कि अटल जी का निधन पिता तुल्य संरक्षक का जाने की तरह है। उन्होंने आगे कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी का जीवन प्रेरणा देता रहा है। वो मां भारती के सच्चे सपूत थे। वहीं, इससे पहले अटल बिहारी वाजपेयी के निधन के तुरंत बाद पीएम मोदी ने ट्वीट कर कहा था कि हर स्नेही को दुःख सहन करने की शक्ति मिले। पीएम मोदी ने लिखा कि मैं निःशब्द हूं, शून्य में हूं। हम सभी के श्रद्धेय अटल जी हमारे बीच नहीं रहे। अपने जीवन का प्रत्येक पल उन्होंने राष्ट्र को समर्पित कर दिया था। उनका जाना, एक युग का अंत है।

### तेज रफ्तार बाइक बिजली पोल से टकराई, 3 की मौत

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के विमानतल मार्ग मोड़ के पास आज सुबह एक तेज रफ्तार बाईक अनियंत्रित होकर बिजली पोल से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि हादसे में बाईक में सवार तीन इंजीनियरिंग छात्रों की मौत हो गई। मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में आज सुबह तीन युवक परमानंद साहू निवासी ग्राम कौंदकेरा राजिम, प्रवीण गर्ग निवासी कांकेर एवं अर्पित नाथ निवासी कांकेर एक ही बाइक क्रमांक-सीजी19बीई1652 में सवार होकर माना विमानतल की ओर घुमने जा रहे थे। बताया जा रहा है कि बाइक काफी तेज रफ्तार में थी। जैसे ही बाइक माना विमानतल मोड़ के पास पहुंची बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे बिजली पोल से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि हादसे में दो युवकों की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही मौत हो गई, वहीं तीसरे युवक की अस्पताल पहुंचने के बाद मौत हो गई। तीनों युवक इंजीनियरिंग के छात्र बताये जा रहे है। पुलिस ने मामले में पंचनामा कार्यवाही कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### इटली में महसूस किए गए 5.3 तीव्रता के भूकंप के झटके

रोम (आरएनएस)। इटली में गुरवार को फोगिया शहर से 72 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में एड्रियाटिक तट के नजदीक 5.3 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किये गये। अमेरिकी भूगर्भ सर्वेक्षण ने यह जानकारी दी। भूकंप का केंद्र जमीन की स्तर से 12 किलोमीटर नीचे था। भूकंप से जानमाल के किसी तरह के नुकसान की अभी तक कोई सूचना नहीं है।

### पीसीएल में स्पॉट फिक्सिंग: पाकिस्तानी बल्लेबाज पर लगा 10 साल का बैन

कराची। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने शुक्रवार को राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के बल्लेबाज नासिर जमशेद पर 10 साल का बैन लगाया है। जमशेद पर ये बैन पीसीबी के भ्रष्टाचार विरोधी नियमों के बार-बार किए उल्लंघन के लिए लगाया गया है। तीन सदस्यीय ट्रिब्यूनल ने अपने फैसले में कहा कि किसी भी क्रिकेट फॉरमेट से बैन के अलावा जमशेद भ्रष्टाचार विरोधी नियमों के पांच से सात बार किए गए उल्लंघन के कारण आजीवन पाकिस्तान क्रिकेट में किसी भी प्रकार के प्रबंधन की जिम्मेदारी निभाने के लिए अयोग्य घोषित होने चाहिए।

# पंचतत्व में विलिन हुए भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी

## स्मृति स्थल पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था थी

## सेना के विशेष वाहन पर निकली थी अंतिम यात्रा

## तीनों सेनाओं ने दी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी को श्रद्धांजलि

## अंतिम संस्कार में शामिल होने विदेशों से भी पहुंचे मेहमान





नई दिल्ली (आरएनएस)। देश के पूर्व पीएम तथा भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी का पार्थिव शरीर आज अंतिम यात्रा के लिए निकला। वाजपेयी जी की अंतिम यात्रा सेना की एक विशेष गाड़ी पर निकाली गई तथा तीनों सेनाओं की एक संयुक्त टुकड़ी उनके पार्थिव शरीर को उनके आवास 6 कृष्ण मेनन मार्ग से लेकर निकली। इस लोकप्रिय नेता को अंतिम विदाई देने के लिए देश की राजधानी दिल्ली की सड़कों पर लोगों का हुजूम जनसैलाब उमड़ पड़ा।

पूर्व प्रधानमंत्री का अंतिम दर्शन भाजपा मुख्यालय पर दोपहर 1 बजे तक होना था किन्तु अंतिम दर्शन के लिए उमड़ी भीड़ के करण लगभग 45 मिनट के विलम्ब से प्रारंभ हो सकी। पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी जी के अंतिम यात्रा में राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री सहित कई केंद्रीय मंत्री और बड़ी संख्या में वीवीआईपी एवं कई राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल हुए। स्वयं प्रधानमंत्री इस जनसैलाब का नेतृत्व करते हुए पैदल चल रहे थे। इस लिहाज से सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता बनाने के लिए पुरी सुरक्षा एजेंसियां जुटी हुई थीं।

जानकारी के मुताबिक, अटल जी के आखिरी सफर में हिस्सा बनने के लिए भूटान के राजा, नेपाल के विदेश मंत्री, श्रीलंका के विदेश मंत्री, बांग्लादेश के विदेश मंत्री और पाकिस्तान के कानून मंत्री दिल्ली आए। वहीं कुछ और देशों के प्रतिनिधियों के भी आने की बात कही गई।

अंतिम यात्रा पर निकले वाजपेयी के अंतिम दर्शन के लिए हजारों की संख्या में भीड़ इकठ्ठा हुई। जब उनके आवास से पार्थिव शरीर ले जाया जाने लगा तो पीछे भीड़ ने जब-तक सूरज चांद रहेगा, अटल जी का नाम रहेगा, अटल बिहारी अमर रहें और वंदेमातरम के नारे लगाए गए।

### वाजपेयी के निधन से पाकिस्तान में भी दुख की लहर, किया याद

इस्लामाबाद। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के निधन ने न सिर्फ भारत को शोकग्रस्त किया है बल्कि पाकिस्तान में भी उन्हें याद किया जा रहा है। पाकिस्तानी पत्रकारों और राजनेताओं ने गुरुवार को अटल बिहारी वाजपेयी की मौत को लेकर शोक व्यक्त किया और दोनों देशों के बीच शांति स्थापित करने के उनके प्रयासों को याद किया।

डॉन न्यूज के मुताबिक, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री बनने जा रहे इमरान खान ने उपमहाद्वीप के इतने बड़े राजनेता के निधन पर अत्याधिक शोक व्यक्त किया और कहा कि वह भारत के इस दुख के क्षण में उसके साथ हैं।

### अंतिम संस्कार के मद्देनजर कड़ी सुरक्षा-व्यवस्था

**दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की अंतिम यात्रा और अंतिम संस्कार समारोह के मद्देनजर शहर में सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए। वाजपेयी का अंतिम संस्कार स्मृति स्थल पर किया गया। भाजपा के संस्थापक सदस्य वाजेपयी जी का निधन गुरुवार को नई दिल्ली में एम्स में हुआ था।**

**पुलिस के अनुसार, हमने अंतिम यात्रा और संस्कार के लिए सुरक्षा के व्यापक बंदोबस्त किए थे। पुलिस उपायुक्त (नई दिल्ली) मधुर वर्मा ने कहा था, हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि जो लोग भी यहां उनके अंतिम दर्शन के लिए आएं, उन्हें और यात्रियों को कम से कम असुविधा हो।**

## अब तक 167 लोगों की मौत, 8000 करोड़ रुपये से ज्यादा का नुकसान

तिरुवनंतपुरम (आरएनएस)। केरल में बाढ़ की वजह से लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बाढ़ के कारण हुई तबाही के चलते फसल और संपत्तियों समेत कुल 8 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का नुकसान हुआ है। यही नहीं, मौसम विभाग के द्वारा राज्य के 14 में से 13 जिलों में फिर से रेड अलर्ट जारी कर दिया गया है। इसके अलावा सेंट्रल वॉटर कमिशन के सभी नौ फ्लड मॉनिटरिंग स्टेशनों से बाढ़ की स्थिति पर नजर रखी जा रही है। बता दें कि केरल में अब तक 167 लोगों की मौत हो चुकी है।



इस बात की आधिकारिक जानकारी सीएम पी. विजयन ने दी।

इन सबके इतर एनजीओ भी बाढ़ से प्रभावित केरल में राहत और बचाव अभियान में सेना, वायुसेना, नौसेना, तटरक्षक और एनडीआरएफ की 52 टीमों के साथ शामिल हो गए हैं। हालांकि, गुरुवार को ऐसा देखने को मिला कि आपदा का स्तर इससे निपटने के प्रयासों से बहुत अधिक है।

केरल में बाढ़ के हालात को देखते हुए एनडीआरएफ की पांच टीमें शुक्रवार सुबह तिरुवनंतपुरम पहुंच गई और रेस्क्यू ऑपरेशन में जुट गई हैं। राहत कार्य में तेजी लाने के लिए शुक्रवार को एनडीआरएफ की 35 और टीमें यहां पहुंच रही हैं।

**सीएम ने की मदद की अपील**

केरल के पथनमतित्ता जिले में स्थित रन्नी, अरनमुला, कोझेनचेरी गांव में हजारों लोग बाढ़ की वजह से अपने घरों में कैद हैं।

### 135 करोड़ में 300 बच्चे बेचने वाले चाइल्ड ट्रैफिकिंग गिरोह का सरगना गिरफ्तार

मुंबई। मुम्बई पुलिस ने चाइल्ड ट्रैफिकिंग के मामले में बड़ी सफलता हासिल करते इसके गिरोह का पर्दाफाश कर दिया है। पुलिस ने गिरोह के सरगना को गिरफ्तार कर पूछताछ की तो चौंकाने वाला तथ्य सामने आया। इस गिरोह ने देश के करीब 300 बच्चों को अमेरिका में बेच दिया और वह भी 135 करोड़ रुपए में। यानी एक बच्चे की कीमत लगाई करीब 45 लाख रुपए। सरगना की पहचान गुजरात निवासी राजूभाई गमलेवाला के तौर पर हुई है।

राजू ने यह रैकेट 2007 में शुरू किया था और वह अमेरिका में लोगों को बच्चे बेचा करता था। बच्चों की उम्र 11 से 16 साल की उम्र के बीच होती थी। वो अकसर गरीब घर से आते थे। एक पुलिस अफसर ने बताया था कि इन्हें अधिकतर गुजरात से लाया जाता था। पालन-पोषण करने की हालत में नहीं होने वाले परिवार अपने बच्चों को बेच देते थे।

## पूर्व मंत्री मंजू वर्मा के घर में सीबीआई टीम का छापा

पटना (आरएनएस)। मुजफ्फरपुर बालिका गृह कांड में अब सीबीआई जांच की आंच बिहार सरकार में पूर्व समाज कल्याण मंत्री मंजू वर्मा तक पहुंचने लगी है। सीबीआई टीम ने मुजफ्फरपुर शेल्टर होम केस को लेकर शुक्रवार को मंजू वर्मा के पटना और बेगुसराय स्थित आवासों में छापेमारी की। इस जांच की वजह से वहां हड़कंप मच गया।




बिहार के मुजफ्फरपुर में शेल्टर होम में 34 लड़कियों से रेप का खुलासा होने के बाद राज्य की सियासत गरमा गई थी। टाटा इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज (टीआईएसएस) की रिपोर्ट के बाद इस सनसनीखेज कांड का पता चला था।

दबाब बढ़ने के बाद नीतीश सरकार ने इस मामले की सीबीआई जांच की सिफारिश की। साथ ही सरकार ने समाज कल्याण विभाग के सहायक निदेशक देवेश कुमार को निलंबित कर दिया। इसके अलावा भोजपुर, मुंगेर, अररिया, मधुबनी और भागलपुर सामाजिक कल्याण विभाग के सहायक निदेशकों को भी सस्पेंड किया गया। केंद्र की मंजूरी के बाद अब सीबीआई इस घटना की तफ्तीश कर रही है। जांच एजेंसी ने ब्रजेश ठाकुर के बेटे से भी इस मामले में पूछताछ की थी। बाद में उसे छोड़ दिया गया था। गौरतलब है कि पिछले दिनों पुलिस अधिकारियों ने शहीद खुदीराम बोस सेंट्रल जेल में औचक निरीक्षण किया था।

## अफसोस कई रोगों में कारगर सस्ती पेनिसिलिन बाजार से गायब

नई दिल्ली (आरएनएस)। उस समय आरती नौ साल की थी जब उनके माता-पिता को पता चला कि वह रुमेटिक हार्ट रोग से पीड़ित है। यह ऐसी बीमारी होती है जिसमें बैक्टीरियल इन्फेक्शन की वजह से दिल का वाल्व और अन्य अंग डैमेज होने लगता है। संयोग से उनको एक सस्ती दवा का पता चल गया जिसकी मदद से इस बीमारी को रोका जा सकता था और वह दवा थी पेनिसिलिन का इंजेक्शन। एम्स के डॉक्टरों की सलाह के मुताबिक आरती को हर दो हफ्ते पर इंजेक्शन लगता था। लेकिन उनको उस समय झटका लगा जब मार्केट में इंजेक्शन मिलना बंद हो गया। करीब तीन महीने पहले अचानक मार्केट से यह इंजेक्शन गायब हो गया। बिहार के रहने वाले उनके पिता फैक्ट्री में काम करते हैं। उन्होंने बताया कि वह अपने राज्य में कई केमिस्ट शॉप और हॉस्पिटल में गए लेकिन इंजेक्शन नहीं मिला। उसके बाद वह दिल्ली आए तो यहां भी इंजेक्शन मार्केट से गायब मिला।




फिर डॉक्टरों ने एरीथरोमाइसिन नाम की ऐंटिबायॉटिक लिखी जो उसे रोजाना खानी थी। इसकी कीमत पेनिसिलिन के इंजेक्शन की तीन-चार गुनी है। आरती के पिता ने बताया, मेरी बेटी रोजाना ऐंटिबायॉटिक खा नहीं पाती है, इससे हालत में कम सुधार हो रहा है। दूसरी तरफ इससे हम पर आर्थिक बोझ भी बढ़ गया है।

आरती की तरह कई मरीज जो रुमेटिक हार्ट (आरएच) रोग या अन्य बीमारियों से पीड़ित हैं, को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एम्स में पीडिएट्रिक कार्डियोलोजी की प्रफेसर डॉ.अनीता सक्सेना ने इस स्थिति पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि इससे मृत्यु दर काफी बढ़ सकती है। उन्होंने बताया कि 2015 में आरएच से करीब 1.19 लाख मौतें हुई थीं।

### बांदीपोरा-कुपवाड़ा में सेना और आतंकियों के बीच मुठभेड़, एक जवान शहीद

श्रीनगर (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा के हंदबाड़ा में भारतीय सेना और आतंकियों के बीच हुई मुठभेड़ में एक जवान शहीद हो गया। जबकि बांदीपोरा के हाजिन इलाके में भारतीय सेना और आतंकियों के बीच हुई मुठभेड़ में एक आतंकी ढेर हो गया।

CMYK